सत्र 2023–24

विषय – कृषि

कक्षा–10

मॉडल प्रश्न–पत्र

समयः 3 घण्टे 15 मिनट　　　　　　　　　　　　　　　　　　पूर्णांक– 70

**नोट** : प्रारम्भ के 15 मिनट परिक्षार्थियों को प्रश्न पत्र पढ़ने के लिये निर्धारित हैं।

**निर्देशः**– सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक प्रश्नों के सम्मुख अंकित है। इस प्रश्न पत्र के दो खण्ड हैं। खण्ड 'अ' में 20 अंक के 20 प्रश्न बहुविकल्पीय हैं, जिनके उत्तर ओ0एम0आर0 शीट पर देने हैं। ओ0एम0आर0 पर उत्तर अंकित किये जाने के पश्चात् उसे काटे नहीं तथा इरेजर ($Eraser$), व्हाइटनर आदि का प्रयोग न करें। दूसरा खण्ड 'ब' में 50 अंक के वर्णनात्मक प्रश्न हैं।

## खण्ड 'अ'

## बहुविकल्पीय प्रश्न

**निर्देश** : प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प दिये गए है। सही विकल्प का चयन कीजिए–

1 – जैव पदार्थ की अधिकता से भूमि का रंग हो जाता है – 　1

**(A)** लाल　**(B)** काला　**(C)** पीला　**(D)** हरा

2 – मिट्टी का $P^H$ मान 8.0 से अधिक होने पर कही जाती है – 　1

**(A)** दोमट मिट्टी　**(B)** अम्लीय मिट्टी　**(C)** क्षारीय मिट्टी　**(D)** उदासीन मिट्टी

3 – क्षरण अवरोधी फसल है – 　1

**(A)** धान　**(B)** गेहूँ　**(C)** मूँग　**(D)** जौ

4 – लवणीय मृदा में विनिमयशील सोडियम की प्रतिशत मात्रा होती है – 　1

**(A)** 18% से अधिक　**(B)** 20%　**(C)** 15% से अधिक　**(D)** 15% से कम

5 – मृदा की जलधारण क्षमता में वृद्धि का कारण है – 　1

**(A)** जिप्सम का प्रयोग　**(B)** जैव पदार्थ मिलाना

**(C)** अमोनियम सल्फेट का प्रयोग　**(D)** पायराइट का प्रयोग

6 – उत्तर प्रदेश में सिंचाई का पुराना एवं सस्ता साधन है – 　1

**(A)** तालाब　**(B)** कुआँ　**(C)** झाँसी　**(D)** हमीरपुर

7 – थाला विधि से सिंचाई की जाती है – 　1

**(A)** गेहूँ की　**(B)** उर्द की　**(C)** चना की　**(D)** फलवृक्ष की

8 – शारदा नहर किस नदी से निकलती है – 　1

**(A)** यमुना　**(B)** घाघरा　**(C)** गोमती　**(D)** गंगा

9 – पोटैशियम सल्फेट में पोटाश की प्रतिशत मात्रा होती है – 　1

**(A)** 40%　**(B)** 50%　**(C)** 60%　**(D)** 70%

10 – निम्नलिखित में से कौन–सा अजैव खाद है – 1

**(A)** कम्पोस्ट **(B)** गोबर की खाद **(C)** हरी खाद **(D)** सोडियम नाइट्रेट

11 – डाई अमोनियम फास्फेट में नत्रजन का प्रतिशत होता है – 1

**(A)** 18 प्रतिशत **(B)** 20 प्रतिशत **(C)** 14 प्रतिशत **(D)** 32 प्रतिशत

12 – सिकेटियर का उपयोग किया जाता है – 1

**(A)** बुआई में **(B)** सिंचाई में **(C)** चश्मा लगाने में **(D)** कटाई–छंटाई में

13 – बुरकाव किया जाता है – 1

**(A)** डस्टर द्वारा **(B)** स्प्रेयर द्वारा **(C)** थ्रेशर द्वारा **(D)** कल्टीवेटर द्वारा

14 – गेहूँ का वानस्पतिक नाम निम्न में से कौन है – 1

**(A)** विगनोमुन्गो **(B)** कजनस कजान **(C)** पाइसम सटाइवम **(D)** ट्रिटिकम एसटिवम

15 – रचना किस फसल की प्रजाति है – 1

**(A)** गेहूँ **(B)** चना **(C)** मटर **(D)** जौ

16 – प्याज की खेती के लिये सर्वोत्तम भूमि कौन–सी है – 1

**(A)** मटियार **(B)** दोमट **(C)** बलुई दोमट **(D)** ऊसर

17 – आम्रपाली एक प्रजाति है – 1

**(A)** अमरूद की **(B)** आम की **(C)** केला की **(D)** पपीता की

18 – दूध दुहने की अच्छी विधि है – 1

**(A)** अंगूठा दबाकर **(B)** चारों उँगलियों द्वारा **(C)** चुटकी द्वारा **(D)** मशीन द्वारा

19 – गाय की गर्भावधि है – 1

**(A)** 230 दिन **(B)** 270 दिन **(C)** 283 दिन **(D)** 342 दिन

20 – रिण्डरपेस्ट रोग का कारक है – 1

**(A)** विषाणु **(B)** जीवाणु **(C)** कवक **(D)** कीट

## खण्ड 'ब'

## अतिलघु उत्तरीय प्रश्न

1 – ऊसर भूमि के सुधार के लिए प्रयोग किए जाने वाले दो रसायनों को लिखिए। 2

2 – मृदा के जलीय कटाव रोकने के दो उपाय लिखिए। 2

3 – क्षरण अवरोधी दो फसलों के नाम लिखिए। 2

4 – वलय विधि से सिंचाई किन–किन फल वृक्षों में की जाती है ? 2

5 – डाई अमोनियम फास्फेट में नत्रजन एवं फास्फोरस की प्रतिशत मात्रा लिखिए। 2

6 – पौधों को भूमि से प्राप्त होने वाले दो पोषक तत्वों के नाम लिखिए। 2

7 – टमाटर का कुल एवं वानस्पतिक नाम लिखिए। 2

8 – बागवानी में प्रयुक्त होने वाले कटाई–छँटाई के दो यन्त्रों के नाम लिखिए। 2

9 – फसल पर भूकम्प के दो प्रभाव लिखिये। 2

10 – फल एवं सब्जी सुखाने की मुख्य दो विधियों के नाम लिखिए। 2

https://www.upboardonline.com

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**निर्देश** :– किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न चार अंक का है।

11 – लवणीय मृदा बनने के पाँच कारणों का उल्लेख कीजिए। 4

12 – सिंचाई की ड्रिप विधि क्या है ? इसके तीन लाभों का उल्लेख कीजिए। 4

13 – जल निकास से लाभ एवं हानियाँ बताओ। 4

14 – भू–परिष्करण के उद्देश्य लिखिए। 4

15 – गृह उद्यान से आप क्या समझते हैं ? इसके महत्व की व्याख्या कीजिए। 4

16 – पशुओं के आदर्श आहार के दो गुण लिखिए। 4

17 – गाय के थन (अयन) को चित्र द्वारा प्रदर्शित कीजिए। 4

18 – पशुओं में गलाघोंटू रोग के लक्षण लिखिए। 4

## विस्तृत उत्तरीय प्रश्न

**निर्देश** :– किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए प्रत्येक प्रश्न सात अंक का है।

19 – धान की खेती का वर्णन निम्नलिखित शीर्षकों के अंतर्गत कीजिए – 2+1+2+1+1=7

(अ) भूमि का चुनाव एवं तैयारी

(ब) दो उन्नत प्रजातियाँ

(स) बुवाई का समय अन्तरण एवं बीजदर प्रति हेक्टेयर

(द) खाद एवं उर्वरक प्रति हेक्टेयर

(य) उपज प्रति हेक्टेयर

20 – आलू की खेती का वर्णन निम्नलिखित शीर्षकों के अंतर्गत कीजिए – 2+1+2+1+1=7

(अ) भूमि का चुनाव एवं तैयारी

(ब) दो उन्नतशील प्रजातियाँ

(स) बुवाई का समय अन्तरण एवं बीजदर प्रति हेक्टेयर

(द) खाद एवं उर्वरक प्रति हेक्टेयर

(य) उपज प्रति हेक्टेयर

21 – टमाटर की खेती का वर्णन निम्नलिखित शीर्षकों के अंतर्गत कीजिए – 2+1+2+1+1=7

(अ) भूमि का चुनाव एवं तैयारी

(ब) दो उन्नतशील प्रजातियाँ

(स) नर्सरी तैयार करने की विधि एवं बीजदर प्रति हेक्टेयर

(द) खाद एवं उर्वरक प्रति हेक्टेयर

(य) उपज प्रति हेक्टेयर

22 – आम की खेती का वर्णन निम्नलिखित शीर्षकों के अंतर्गत कीजिए 2+1+2+1+1=7

(अ) भूमि का चुनाव एवं गड्ढे तैयार करना

(ब) दो उन्नतशील प्रजातियाँ

(स) खाद एवं उर्वरक

(द) पौधे लगाने का समय एवं दूरी

(य) सिंचाई का समय एवं विधि